
## खबर संक्षेप

### मानपुर में युवक रहस्यमय तरीके से लापता



**मानपुर।** विधानसभा मुख्यालय क्षेत्र में एक युवक के रहस्यमय तरीके से गायब होने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी बबलू खंडेलवाल के 22 वर्षीय इकलौते पुत्र हर्ष खंडेलवाल पिछले पांच दिनों से लापता हैं, वहीं पुलिस और परिजन अब तक किसी सुराग तक नहीं पहुँच सके हैं। परिजनों के अनुसार शांत स्वभाव वाला हर्ष 29 जून शनिवार को एक रिसेप्शन में शामिल होने घर से निकला था, लेकिन वह न तो समारोह में पहुंचा और न ही वापस लौटा। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद मामला पुलिस को सौंपा गया। गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई तो, युवक की मोटरसाइकिल मानपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर सरमनिया मोड़ स्थित जंगल में लावारिस हालत में मिली। इसके बाद से पुलिस की कई टीमें लगातार सुराग तलाशने में जुटी हैं। स्वयं पुलिस अधीक्षक उमरिया इस मामले की निगरानी कर रहे हैं, बावजूद इसके पांच दिन बाद भी युवक का कोई पता नहीं चल सका है। घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। परिजन व्यथित हैं और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। परिवार ने जनता से अपील की है कि यदि हर्ष कहीं दिखाई दे तो तुरंत 9993655856, 7000766938, 9131148082, 8839042416, 9179387005 इन नंबरों पर संपर्क करें।

### ट्रैफिक नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर कार्यवाही




**शहडोल।** जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सडक़ सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए विशेष यातायात चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। यातायात नियमो के उल्लंघन पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत आवश्यक चालानी कार्यवाही की जा रही है। नाबालिगों द्वारा चलाए जा रहे वाहनों को रोककर उन्हें समझाइस दी गई। चार पहिया वाहनों से ब्लैक फिल्म हटाई गई एवं अमानक नंबर प्लेट पर भी कार्यवाही की गई। साथ ही एक बस चालक के निर्धारित वर्दी में न पाए जाने पर भी चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही यातायात पुलिस द्वारा अवैध परमिट संचालन पर भी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के तहत कुल 02 नंबर प्लेट 02, सीट बेल्ट, 10 हेल्मेट का उपयोग नहीं करने तथा 01 परमिट नियम उल्लंघन तथा 01 चालक वर्दी उल्लंघन के प्रकरणों में कुल 15500 रुपये का चालान किया गया।

### सोहागपुर जनपद में दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा चमकी

**शहडोल।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश और जिला शिक्षा केंद्र शहडोल के मार्गदर्शन में 2 दिसंबर को जनपद पंचायत सोहागपुर स्थित बालिका छात्रावास परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मंच प्रदान करना और उनके आत्मविश्वास तथा क्षमता को मजबूत करना था। बालक एवं बालिका वर्ग को अलग-अलग समूहों में विभाजित कर प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिससे अधिकाधिक बच्चों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। प्रतियोगिताओं में एकल गायन, समूह गायन, चित्रकला, मेंहदी कला, रंगोली, कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड़, गोला फेंक सहित कई विधाओं को शामिल किया गया। बच्चों ने हर गतिविधि में उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान चुनकर विजेताओं की सूची घोषित की। जिला परियोजना समन्वयक अमरनाथ सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को सहानुभूति नहीं, बल्कि अवसर और प्रोत्साहन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक मिनाक्षी तिवारी द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षकों और अभिभावकों ने सार्थक योगदान दिया। कार्यक्रम में एपीसी विनोद कुमार प्रधान, विकास पांडेय, जनपद शिक्षा केंद्र सोहागपुर के समन्वयक महेंद्र कुमार मिश्रा, मोहित शुक्ला, राजेंद्र निगम, शैलेन्द्र मिश्रा, विवेक सिंह, आनंद मिश्रा सहित विभिन्न शालाओं के शिक्षक उपस्थित रहे। दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और उत्साह ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

## मरीज को धक्का देकर भगाया, एक्स-रे टेक्नीशियन ने मानवता को किया शर्मसार

# बुढ़ार सीएचसी में स्वास्थ्य माफिया की मनमानी!

**सिकलसेल पीड़ित युवक के साथ अमानवीय व्यवहार**

**सरकारी दावे हवा-हवाई, प्रभारी मंत्री के गृह जिले में चरमराई व्यवस्था**

**वायरल वीडियो ने खोली स्वास्थ्य विभाग की पोल, सीएम हेल्पलाइन में भी नहीं हुई कार्रवाई**

शहडोल।






प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार के लाख दावों और वादों के बीच शहडोल जिले के बुढ़ार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से सामने आई एक शर्मनाक घटना ने समूची व्यवस्था को सवालों के घेरे में ला खड़ा किया है। यह महज अभद्रता का मामला नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकारी अस्पतालों में कुछ कर्मचारियों की बेलगाम तानाशाही किस हद तक पहुंच चुकी है, जहां मरीजों को इंसान नहीं, बल्कि बोझ समझा जाता है। बुढ़ार सीएचसी में एक सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज को उपचार की जरूरत के समय ही धक्का देकर अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया। यह अमानवीय कृत्य उस समय सामने आया जब पीड़ित युवक ने स्वयं इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### इलाज की जगह मिली फटकार

घटना के शिकार हुए पीड़ित युवक की पहचान योगेंद्र महरा निवासी धनपुरी वार्ड क्रमांक 2, सिद्दीकी कॉलोनी के रूप में हुई है, जो जन्मजात सिकलसेल बीमारी से पीड़ित हैं। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में उनकी तबीयत अचानक गंभीर रूप से बिगड़ गई, जिसके बाद वह आवश्यक उपचार के लिए बुढ़ार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद संजीदा चिकित्सक डॉ. रवि पटेल ने मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए तत्काल उसे एक्स-रे कराने का निर्देश दिया, जो कि इलाज का एक अनिवार्य हिस्सा था, लेकिन, जब योगेंद्र एक्स-रे कक्ष में पहुंचे, तो वहां का माहौल देखकर वह हतप्रभ रह गए। एक्स-रे कक्ष में पदस्थ टेक्नीशियन राजेश पांडे ने मानवता और अपने पेशेवर दायित्वों को ताक पर रखकर, मरीज के साथ न केवल अत्यंत अभद्र भाषा का उपयोग किया, बल्कि उसे काम में बाधा बताते हुए धक्का देकर कक्ष से बाहर धकेल दिया। एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे और शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति को इस तरह अस्पताल से भगा दिया जाना, किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है।

### 'साहब' की दबंगई कैमरे में कैद

पीड़ित युवक योगेंद्र महरा ने टेक्नीशियन की इस दबंगई और अमानवीय व्यवहार को अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल चुका है। वीडियो में टेक्नीशियन का रूखा और गैर-जिम्मेदाराना रवैया स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इस वायरल वीडियो ने बुढ़ार सीएचसी की बदहाल आंतरिक कार्यशैली को पूरी तरह से नंगा कर दिया है। सवाल यह उठता है कि जिस अस्पताल का उद्देश्य लोगों को जीवनदान देना है, वहां के कर्मचारी इस तरह का गुंडागर्दी भरा व्यवहार कैसे कर सकते हैं? क्या ये कर्मचारी भूल गए हैं कि वे जनता के पैसे से वेतन पाते हैं और उनकी पहली जिम्मेदारी मरीज की सेवा करना है?

### सीएम हेल्पलाइन भी निष्क्रिय

सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि पीड़ित योगेंद्र महरा ने इस गंभीर मामले की शिकायत दर्ज कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने तत्काल सीएम हेल्पलाइन 181 में शिकायत दर्ज कराई। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों, जैसे बीएमओ, सीएमएचओ, और यहां तक कि जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर तक को लिखित रूप में इस घटना से अवगत कराया। बावजूद इसके, सूत्रों के अनुसार, घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी स्तर पर टेक्नीशियन राजेश पांडे के खिलाफ ठोस और कठोर कार्रवाई नहीं की गई है! यह प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता सीधे तौर पर यह संकेत देती है कि ऐसे कर्मचारियों को उच्च अधिकारियों का मूक संरक्षण प्राप्त है, जिसके दम पर वे निरंकुश होकर मरीजों के साथ दुर्व्यवहार करते रहते हैं। क्या सीएम हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म केवल कागजी खानापूर्ति के लिए बनाए गए हैं?

### प्रभारी मंत्री के जिले में चरमराई व्यवस्था

यह और भी अधिक विडंबनापूर्ण है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री, जो स्वयं इसी शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं, उनके प्रभार वाले जिले के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं इस कदर चरमराई हुई हैं। यह घटना स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही पर सीधे तौर पर एक काला धब्बा है। स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी सिद्धांत यह है कि हर मरीज को सुरक्षित, सम्मानजनक और तत्काल उपचार मिले, विशेष रूप से ऐसे मरीजों को जो सिकलसेल जैसी लाइलाज बीमारी से पीड़ित हैं। बुढ़ार सीएचसी की यह घटना इस बुनियादी सिद्धांत के पूर्णतः विपरीत तस्वीर पेश करती है। स्थानीय नागरिकों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है और वे टेक्नीशियन के खिलाफ तत्काल निलंबन और कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। यदि जिले के जिम्मेदार अधिकारी समय रहते ऐसे मनमानी करने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई कर उन्हें सेवा से बर्खास्त नहीं करते हैं, तो जनता का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर बचा-कुचा विश्वास भी पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। यह घटना उच्च अधिकारियों के लिए जागने और सख्त एक्शन लेने का अंतिम चेतावनी संदेश है।

## विश्वविद्यालय में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



शहडोल।

पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्वविद्यालय सभागार में एड्स जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला क्षय चिकित्सा केंद्र के जिला क्षय चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाय.के. पासवान विषय-विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ आईसीटीसी काउंसलर श्रीमती अनीता गुप्ता, एसटीआई काउंसलर रविशंकर काटिया एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती मीनाक्षी पटेल ने विषय से संबंधित विस्तृत विशेषज्ञ मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर प्रभारी डॉ. गीता सराफ ने किया। वरिष्ठ स्वयंसेवक रचना परस्ते ने कार्यशाला की प्रस्तावना प्रस्तुत की। एसटीआई काउंसलर रविशंकर कातिया ने एड्स एवं एचआईवी के कारणों, संक्रमण के मार्गों और जोखिम कारकों की वैज्ञानिक जानकारी दी तथा मिथकों से दूर रहने की सलाह दी। आईसीटीसी काउंसलर श्रीमती अनीता गुप्ता ने एचआईव्ही जांच, परामर्श और निःशुल्क सेवाओं की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। जिला क्षय चिकित्सा अधिकारी डॉ. पासवान ने वैश्विक एवं राष्ट्रीय परिदृश्य बताते हुए कहा कि जागरूकता ही एचआईव्ही महामारी के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है। समय पर जांच और सही उपचार संक्रमण को नियंत्रित कर सकते हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती मीनाक्षी पटेल ने टीबी, एचआईव्ही को-इन्फेक्शन पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। परिसर प्रभारी डॉ. गीता सराफ ने युवाओं को समाज में परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए जागरूकता अभियान का हिस्सा बनने की प्रेरणा दी। भूगोल विभाग से डॉ. सौरभ शिवा ने कहा कि सुरक्षित व्यवहार और सही जानकारी ही संक्रमण रोकने का मुख्य मार्ग है। यदि हम जागरूकता फैलाएँगे तो एक दिन एड्स-मुक्त समाज का निर्माण होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों ने एड्स जागरूकता एवं सुरक्षित व्यवहार की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन दलनायक सुचिता तिवारी द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुनीश नेगी ने किया तथा स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मुनीश नेगी एवं डॉ. धानी जामोद के मार्गदर्शन में दलनायक जय राज रजक, शाहीन खान, उत्तरा विश्वकर्मा, अनामिका सिंह धुर्वे, अनुराधा वाट्टे, अयान खान, मोहम्मद अयान, पलक विश्वकर्मा, अनुज सिंह सहित सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। भूगोल विभाग द्वारा अयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। जिनमे पप्पू नायक प्रथम, ललिता साकेत एवं माहिया अली द्वितीय, तथा दीपांजली गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। इन्हें भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा सम्मानित किया गया।

## आईटीआई में यातायात पुलिस का सडक़ सुरक्षा शिविर 300 से अधिक विद्यार्थियों को दिए गए जीवनरक्षक सूत्र



**शहडोल।** सडक़ दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए शहडोल यातायात पुलिस द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में सडक़ सुरक्षा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 300 से अधिक प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षित ड्राइविंग, यातायात अनुशासन और जोखिम कम करने के उपायों से परिचित कराना था। अधिकारियों ने बताया कि आईटीआई का परिसर स्टेट हाईवे क्रमांक 57 के बिल्कुल पास स्थित होने से यहां वाहन चलाते समय विशेष सतर्कता आवश्यक है। विद्यार्थियों को स्पष्ट चेताया गया कि बिना वैध लाइसेंस के वाहन चलाना दंडनीय है और दोपहिया वाहन चलाते समय चालक व पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य है। यातायात पुलिस ने सडक़ सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इसमें ओवरस्पीडिंग के खतरों, हाईवे पर लेन अनुशासन, ब्लाइंड स्पॉट, सुरक्षित दूरी बनाए रखने और बिना संकेत दिए मुख्य सडक़ में प्रवेश न करने जैसी अहम बातें शामिल थीं। पैदल चलने वालों के लिए ज़ेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ उपयोग और सुरक्षित सडक़ पार करने के नियम भी समझाए गए। अनिवार्य, चेतावनी एवं सूचनात्मक संकेतकों को उदाहरण सहित समझाकर उनके महत्व को रेखांकित किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को राहगीर योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना और कैशलेस उपचार योजना जैसी सरकार की जनोपयोगी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में सडक़ सुरक्षा से संबंधित वीडियो दिखाए गए तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उत्साहित किया गया।

शहडोल पुलिस ने संदेश दिया सुरक्षित यात्रा ही जिम्मेदार नागरिकता का परिचायक है, नियमों का पालन करें और जीवन की रक्षा करें। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों और पुलिस टीम ने मिलकर सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा का संकल्प लिया।

## दिनदहाड़े ऑटो चालक से मारपीट कर लूट



**शहडोल।** जिले में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं, इसका ताजा उदाहरण जिला मुख्यालय के सिंहपुर रोड स्थित पुट्टी बाड़ा, राधा आश्रम के पास देखने को मिला, जहां एक बदमाश ने दिनदहाड़े ऑटो चालक से मारपीट कर लूट की घटना को अंजाम दे दिया, हैरानी की बात यह है कि इस पूरी वारदात का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्राम कुदरी मेडिकल कॉलेज रोड निवासी राज जायसवाल अपनी ऑटो में सवारियां लेकर शहर की ओर आ रहे थे,जैसे ही वे सिंहपुर रोड पुट्टी बाड़ा, राधा आश्रम के पास सवारी उतार रहे थे, तभी प्रकाश कुशवाहा नाम का युवक वहां पहुंचा और ऑटो चालक से पैसों की मांग करने लगा, राज के मना करने और विरोध जताने पर बदमाश उग्र हो गया और सरेआम मारपीट करते हुए उससे पैसे छीनकर मौके से फरार हो गया,मारपीट और लूट की यह घटना न सिर्फ राहगीरों की मौजूदगी में हुई, बल्कि भीड़ के बीच हुई इस वारदात ने पुलिस की कार्यप्रणाली और शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित राज जायसवाल सीधे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान के कार्यालय पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी दी, एएसपी श्री दीवान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और पीड़ित की समस्या का निराकरण कराया। जानकारी के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब प्रकाश कुशवाहा ने राज के साथ मारपीट की हो। इससे पहले भी वह इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे चुका है, जिसकी शिकायतें भी दर्ज हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति बासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/J कैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण**- 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. श्रृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण** - 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## हवलदार पर कॉलरी कर्मी से बेरहमी से पिटाई के आरोप

# पुलिस अधीक्षक ने लाइन अटैच कर शुरू कराई जांच

**उमरिया।** जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें कोतवाली थाना में पदस्थ एक हवलदार पर एक कॉलरी कर्मी के साथ बर्बर व्यवहार और शारीरिक प्रताडऩा के आरोप लगे हैं। चपहा क्षेत्र की जवाहर कॉलोनी निवासी पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है तथा पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है। मामला संज्ञान में आते ही एसपी विजय कुमार भागवानी ने संबंधित हवलदार को तत्काल लाइन अटैच करते हुए जांच अधिकारी को विस्तृत तथ्य जुटाने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

### ऋण-विवाद को बनाया दबाव का आधार?

पीड़ित का आरोप है कि उसका और एक परिचित व्यक्ति के बीच कुछ समय पहले पैसों का लेनदेन हुआ था। वह बताता है कि उसने मूल राशि समय रहते वापस कर दी थी, लेकिन इसके बाद भी उस पर मनमाना ब्याज थोपकर अतिरिक्त रकम चुकाने का दबाव बनाया जा रहा था। पीड़ित के अनुसार, दूसरी पक्ष ने इस दबाव को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस की मदद लेने का प्रयास किया और विवाद को अपनी ओर मोडऩे की योजना रची। आरोप यह है कि इसी क्रम में कोतवाली के हवलदार ने सीधे उसके घर पहुंचकर बिना किसी औपचारिक नोटिस या कानूनी प्रक्रिया के उसे थाने ले जाया गया। पीड़ित का कहना है कि थाने में उसे कठोरता से पूछताछ की गई और दबाव बनाने के लिए मारपीट तक की गई, ताकि वह मनचाही रकम देने के लिए तैयार हो जाए।

### शरीर पर कई गहरे निशान

पीड़ित ने बताया कि थाने में कथित मारपीट के दौरान उसके शरीर पर कई चोटों के निशान बन गए हैं। खरोंच और सूजन के अलावा उसे अंदरूनी चोटें भी आईं, जिनके चलते वह कई दिनों तक सामान्य रूप से काम करने की स्थिति में नहीं था। उसने दावा किया कि धमकियों और निरंतर उत्पीडऩ की वजह से वह मानसिक रूप से भी काफी परेशान रहा। अंत में मजबूर होकर उसने पूरी घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी, जिसके बाद मामले ने गंभीर रूप से तूल पकड़ा।

### एसपी की सख्त प्रतिक्रिया

जैसे ही शिकायत एसपी के पास पहुंची, उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपी हवलदार को



तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया। साथ ही एक अनुभवी अधिकारी को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिन्हें पीड़ित, उसके परिवार, प्रत्यक्षदर्शियों और शिकायत में उल्लेखित सभी पक्षों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने स्पष्ट कहा है कि जांच में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और तथ्य जो भी सामने आएंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पुलिस दबाव पर उठे सवाल

घटना के सामने आने के बाद चपहा तथा आस-पास के क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है। निवासियों का कहना है कि निजी या वित्तीय विवाद सामान्यतः आपसी समझौते या न्यायालय के माध्यम से सुलझाए जाते हैं, लेकिन यदि पुलिस का इस्तेमाल किसी पक्ष के दबाव उपकरण के रूप में किया जाए तो, यह अत्यंत खतरनाक संकेत है। लोगों का मानना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने वाली संस्था का किसी व्यक्तिगत झगड़े में पक्ष लेकर कथित रूप से बल प्रयोग करना पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। पीड़ित के परिवार ने भी घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि कानून की आड़ लेकर किसी व्यक्ति को प्रताड़ित करना अस्वीकार्य है, और यदि पुलिस विभाग पारदर्शी ढंग से कार्रवाई न करे, तो यह आम नागरिकों में अविश्वास पैदा करेगा। परिवार ने जांच अधिकारी से जल्द से जल्द बयान दर्ज कर तथ्य सामने लाने की मांग की है।

### जिला मुख्यालय में मामला चर्चा का केंद्र

उमरिया मुख्यालय में यह मामला इस समय लोगों की बातचीत का मुख्य विषय बन चुका है। हर वर्ग के लोग जानना चाहते हैं कि आखिर पुलिस विभाग इस मामले में अंतिम निर्णय क्या लेता है और क्या दोषी पाए जाने पर आरोपी हवलदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी या नहीं। कई सामाजिक संगठनों ने भी इसकी स्वतंत्र जांच की मांग उठाई है।

### आगे की कार्रवाई तथ्यों पर आधारित होगी

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि विभागीय जांच पूरी होने तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं होगा, लेकिन यदि हवलदार पर आरोप सही पाए गए, तो उसके खिलाफ सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई करने में कोई हिचक नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी तरह की पुलिसिया मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून का पालन हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा। ऊधर, पीड़ित और उसका परिवार अभी भी आशंकित है और सुरक्षा की मांग कर रहा है। वे चाहते हैं कि जांच पूर्ण होने तक उन्हें किसी भी प्रकार का दबाव न झेलना पड़े।

## खबर संक्षेप

### खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन पर की गई कार्यवाही



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले मे खनिज के अवैध परिवहन, भंडारण पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए थे, निर्देश परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी एवं टीम द्वारा कुल 3 नग वाहनों को जप्त किया गया है, जिसमें तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम मुडगुडी से वाहन ट्रक क्रमांक एमपी 21 एच 1949 मय पत्थर एवं ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक निल मय गिट्टी तथा तहसील चंदिया अंतर्गत एन एच -43 रोड बांका से वाहन क्रमांक यूपी 95 बी 2544 मय गिट्टी को अवैध परिवहन में जप्त किया गया। उक्त समस्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

### तंबाकू फ्री यूथ कैपेंन 3.0 अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** तंबाकू फ्री यूथ कैपेंन 3.0 अंतर्गत तम्बाकू निषेध एवं सामुदायिक स्वच्छता हेतु जागरूकता एवं प्रशिक्षण का आयोजन सांईनाथ पैरामेडिकल कॉलेज उमरिया में किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप सिंह जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम , उमरिया द्वारा प्रस्तुतीकरण में तम्बाकू के वैश्विक दुष्प्रभाव व उससे उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओ एवं उनसे बचने के उपाय बताए गए एवं तम्बाकू नियंत्रण कानून कोटपा एक्ट 2003 की सभी धाराओ के विषय में विद्यार्थियो एवं कॉलेज स्टाफ को जागरूक किया गया इसके पश्चात सामुदायिक स्वच्छता का महत्व सभी विद्यार्थियो को समझाया गया एवं इस विषय में सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम के पश्चात जिला नोडल अधिकारी डॉ. संदीप सिंह के द्वारा कॉलेज की प्राचार्या एवं कॉलेज के एकेडमिक स्टाफ के साथ बैठकर पैरामेडिकल कॉलेज को तत्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु कार्य योजना बनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षक, कॉलेज, स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं स्वास्थ्य विभाग से अनिल कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

### भाई के साथ मिलकर पत्नी को बेरहमी पीटा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** बड़े भाई के साथ मिलकर पत्नी को बेरहमी से पीटे जाने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत घरेलू विवाद को लेकर बड़े भाई के साथ मिलकर पत्नी को बेरहमी से पीटे जाने का मामला सामने आया है। लाठी डंडे से मारने पर खून से लथपथ पत्नि किसी प्रकार जान बचाकर थाने पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराई। गोविंदा कॉलोनी में रहने वाली माया यादव 35 वर्ष के द्वारा मंगलवार को काम करने को कहा जिससे पति और जेठ के द्वारा गाली गलौज देते हुए हाथ, मुक्का एवं डंडे से मारपीट कर धमकी दिए। पुलिस मेडिकल एवं शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी है।

## एसआईआर कार्य में पूरी दृढ़ता से जुटी भाजपा



**उमरिया। निर्वाचन आयोग के द्वारा अन्य राज्यों के साथ मध्य प्रदेश में भी मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा निर्वाचन आयोग के इस कार्य में भरपूर सहयोग किया जा रहा है हालांकि पार्टी आलाकमान का भी सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है कि निर्वाचन आयोग की इस कार्य में भरपूर सहयोग कर मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य में पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान करें।**

जिले में भी निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता विशेष ग्रहण पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ है जो 5 नवंबर से एक महीने यानी 4 दिसंबर तक किया जाना है जिसे लेकर भाजपा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले में टीम गठित की है। जिले के प्रत्येक मंडलों के अंतर्गत बीएलए 2 की नियुक्ति कर शक्ति केंद्र और बूथ लेवल पर जाकर जिले की एसआईआर टीम मतदाताओं के नाम जुड़वाने और सहयोग करने का काम कर रही है। भाजपा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर पूरे प्रयास में है कि किसी मतदाता का नाम छूटने नहीं पाए, लेकिन जो भी नाम फाल्स या फर्जी प्रतीत हो रहे हैं उन पर नजर रखी जा रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल स्वयं प्रतिदिन कार्यकर्ताओं की मॉनिटरिंग कर पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि जिलेभर में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता मतदाता शुद्धिकरण कार्य में जी जान से जुटा हुआ है हमारा कार्यकर्ता बीएलओ के साथ मिलकर प्रत्येक बूथ में जाकर मतदाताओं को होने वाली कठिनाइयो का निराकरण करते हुए फॉर्म भराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यही कारण है कि उमरिया जिला अब प्रदेश में 14 वें पायदान पर आ गया है। जिले की दोनों विधानसभाओं में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रयास काफी अच्छा देखा जा रहा है। वर्तमान स्थिति में जिले में लगभग 90 प्रतिशत फर्मो की फीडिंग की जा चुकी है। श्री अग्रवाल ने बताया कि आगामी 2 से 3 दिनों में उमरिया जिला 100 प्रतिशत की ओर अग्रसर होगा।




## कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने आयोजित फुटबॉल मैचों का उठाया लुत्फ

**उमरिया।** जिला मुख्यालय स्टेडियम सहित कृष्णताल उमरिया, पीटीएस ग्राउंण्ड तथा चंदिया खेल मैदान में 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गतदिवस कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने स्टेडियम,कृष्णताल,पीटीएस ग्राउण्ड मे आयोजित फुटबाल मैचों में पहुंचकर सर्व प्रथम खिलाडिय़ो से परिचय प्राप्त किया तत्पश्चात मैच का लुत्फ उठाया । विदित हो कि 3 दिसंबर को स्टेडियम में दो मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच मध्यप्रदेश एवं चंडीगढ के बीच खेला गया जिसमें मप्र विजयी रही। इसी तरह दूसरा मैच आईपीएससी एवं सीबीएसई के बीच खेला गया। इसी तरह कृष्णताल में मैच खेले गये जिसमें प्रथम मैच उत्तराखंड एवं आंधप्रदेश के मध्य खेला गया जिसमें उत्तराखंड टीम विजयी रही।



दूसरा मैच मेघालय एवं हरियाणा के मध्य खेला गया जिसमें मेघालय की टीम विजय रही। तीसरा मैच पंजाब एवं विद्याभारती के मध्य खेला गया जिसमें पंजाब की टीम विजयी रही। चौथा मैच उत्तरप्रदेश एवं कर्नाटक के मध्य खेला गया जिसमें मेघालय की टीम विजय रही। पांचवा खेल मेघालय एवं सीआईएससीई के मध्य खेला गया जिसमें दोनो टीम ने 1-1 गोल किए । इसी प्रकार पीटीएस ग्राउण्ड में आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता मे पहला मैच गुजरात एवं आईपीएसयू के मध्य खेला गया । दूसरा मैच वेस्ट बंगाल एवं राजस्थान के मध्य खेला गया जिसमें बेस्ट बंगाल विजयी रही। तीसरा मैच सीआईएससीई के मध्य खेला गया जिसमें दोनो टीम ने 1-1 गोल किए। चौथा मैच केरला एवं बिहार के मध्य खेला गया जिसमें केरला की टीम विजयी रही। पांचवा मैच बेस्ट बंगाल एवं उत्तराखंड के मध्य खेला गया जिसमें उत्तराखंड की टीम विजयी रही। विदित हो कि 1 दिसंबर से 3 दिसंबर तक 40 फुटबॉल के मैच आयोजित किए जा चुके है।



## फरार स्थायी वारंटी पकड़ाया

**हरिभूमि न्यूज, राजनगर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में थाना राजनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के वारंटियों की गिरफ्तारी के क्रम में एक अहम सफलता मिली है। थाना रामनगर पुलिस ने न्यायालय कोतमा के प्रकरण क्रमांक 609/23 एवं थाना रामनगर के अपराध क्रमांक 184/23 धारा 294, 506, 427 में लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटी राजू चौधरी पिता विष्णु उर्फ बिसुन चौधरी, उम्र 32 वर्ष, निवासी बेलिया छोट, थाना बिजुरी को दबिश देकर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को विधि अनुसार माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी, आरक्षक मदगेन्द्र पटेल, एवं आरक्षक अनुराग भार्गव की सराहनीय भूमिका रही।

## रामनगर पुलिस ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

**राजनगर।** थाना रामनगर क्षेत्र में 'स्काउट गाइड' के माध्यम से यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे अपने पिता, भाई, दादा सहित सभी परिजनों को भी यातायात नियमों का पालन करने एवं सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित करें। इसी क्रम में थाना रामनगर पुलिस द्वारा पूर्व में दर्ज दुर्घटना संभावित स्थलों का निरीक्षण किया गया, जहाँ पूर्व में दुर्घटनाएँ घटित हुई थीं। 'सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से इन स्थानों पर रेडियमयुक्त संकेतक बोर्ड' लगाए गए। इन बोर्डों पर हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने, धीमी गति से वाहन चलाने, तथा सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण निर्देश स्पष्ट रूप से अंकित हैं। साथ ही, किसी भी सड़क दुर्घटना या आपात स्थिति में त्वरित मदद हेतु थाना प्रभारी रामनगर का संपर्क नंबर 7701042203 भी बोर्ड पर उल्लेखित किया गया है। रेडियम बोर्ड होने के कारण यह रात में भी वाहनों की हेडलाइट पड़ते ही स्पष्ट दिखाई देगा। थाना रामनगर पुलिस द्वारा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और सुरक्षा उपायों की यह पहल निरंतर जारी रहेगी।



## नकबजनी मामले में फरार 4 आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** 12 सितम्बर को सुरक्षा पहरी पवन कुमार जायसवाल द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि 07 अगस्त, सितम्बर की दरमियानी रात अज्ञात चोरों द्वारा रिजनल स्टोर, हसदेव क्षेत्र, बिजुरी में लगे रोशनदान को काटकर अंदर प्रवेश किया गया तथा कीमती मशीनरी पाट्र्स चोरी कर लिए गए। आवेदन पर थाना बिजुरी में अपराध क्रमांक 282/25, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियों की तलाश हेतु तकनीकी व सायबर सहायता का उपयोग किया गया। दिनांक 16.09.2025 को आरोपी विजय सिंह पिता



नारायण सिंह निवासी चिरमिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने अन्य 04 साथियों के बारे में जानकारी दी, जो घटना दिनांक से ही फरार चल रहे थे। लगातार पतासाजी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 2 दिसम्बर को आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसमे कमलेश सिंह उर्फ करिया पिता गंगा सिंह, निवासी केबिन दफाई, बिजुरी, चुर्री उर्फ मुख्तार मुसलमान पिता सराफल अली, उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 19, मलाईपारा, मनेंद्रगढ़, देव यादव पिता स्व. केशव यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी मनेंद्रगढ़ तथा विनय सिंह बघेल पिता स्व. समसेर सिंह उर्फ टालू, उम्र 26 वर्ष, निवासी झगराखांड हैं।

## नाबालिग से बलात्कार का आरोपी 24 घंटे के भीतर पुलिस गिरफ्त में



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** 30 नवम्बर को फरियादिया उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट लेख कराई कि 29 नवम्बर को हम सभी परिवार के लोग खेत मे धान काटने चले गये थे मेरी 12 वर्ष एवं 10 वर्ष की नाबालिग लडकियां तथा 06 वर्ष का लडका घर पर अकेले थे। दोपहर में जब मेरी 12 वर्ष की बेटी घर में अकेली थी तभी गांव का सूरज पटेल घर में घुस आया और उससे पूछने लगा कि तुम्हारी दादी कहां है तो वह बोली कि मम्मी पापा के साथ धान काटने खेत गई है यह सुनकर वह मेरी बेटी को अकेली पाकर उसके साथ बलात्कार किया है। रिपोर्ट पर थाना बिजुरी मे अपराध क्र 386/25 धारा 654 (1), 332 (बी) बीएनएस, 3,4 पाक्सो एक्ट 3(2)(व्ही) एससी/एसटी एक्ट का कायम कर अनुसंधान में लिया गया। आरोपी सूरज पटेल की जो घटना के बाद फरार हो गया था उसकी लगातार तलाश कर रिपोर्ट के 24 घंटे के अंदर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूछताछ की गई जिसने अपना जुर्म स्वीकार किया। इस प्रकार वरिष्ठ अधिकारीयों के कुशल नेतृत्व में बिजुरी पुलिस द्वारा नाबालिग से बलात्कार के आरोपी सूरज पटेल निवासी थाना बिजुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा जाता है। उक्त कार्यवाही में एसडीपीओ आरती शाक्य निरीक्षक विकास सिंह, सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, सउनि आर एन तिवारी, सउनि विपिन बिहारी राय, आर अभिषेक शर्मा लक्ष्मण डांगी, आनंद कुमार, राकेश चौहान, रवि सिह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## थाना प्रभारी ने पैदल भ्रमण कर किया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** शांति एवं कानून व्यस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु सोमवार की रात को नगर के सार्वजनिक स्थानों सहित स्टेशन परिसर सहित नगर के मुख्य मार्ग में थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल पैदल भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल एवं पुलिस टीम के द्वारा बाजार क्षेत्र की मुख्य सड़कों, सार्वजिंक स्थानों एवं संवेदनशील गलियों का भी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। स्टेशन परिसर में लगे कैमरों एवं कंट्रोल संबंधी जानकारी को लेकर आरपीएफ थाना प्रभारी बीके चौधरी से चर्चा की। पुलिस ने पैदल भ्रमण करते हुए सड़क पर आवागमन बाधित करने वाले व्यापारियों को समझाइस देखकर मार्ग व्यवस्थित कराया। वहीं वाहनों की डिक्की सहित दस्तावेजों की जांच करते हुए कमियां पाए जाने पर कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन जो कंडम एवं बिना नंबर प्लेट के रोड में पाए जाने पर वाहन मालिक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में जुर्माना भी किया गया। स्टेशन परिसर के बाहर खड़े वाहन चालकों को भी गेट के सामने वाहन ना खड़ा करने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी एवं पुलिस टीम के द्वारा नगर के रेलवे स्टेशन चौक, गांधी चौक, आजाद चौक, हनुमान मंदिर तिराहा, पुराना स्टेट बैंक सहित मार्गो में पैदल मार्च कर लोगों से मिलकर सुरक्षा एवं ट्राफिक को लेकर चर्चा की गई। स्टेशन चौक के समीप शापिंग काम्प्लेक्स के निमार्ण के लिए ठेकेदार के द्वारा सड़क पर निमार्ण सामग्री गिरवा दिया गया है जिसके कारण सड़क पूरी तरह जाम हो गई है जिस संबंध मे तत्काल ठेकेदार से बात करते हुए सड़क मे फैली सामग्री को तत्काल हटवाने जाने को कहा गया नही हटाने की स्थिति मे कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। वहीं वाहनों की चेकिंग कर दस्तावेजों की भी जांच किया गया।

## खबर संक्षेप

### ब्यौहारी में दिव्यांग विद्यार्थियों की प्रतिभा का प्रदर्शन

**शहडोल।** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए विविध साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 8 तक के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यक्रम को विस्तृत रूप दिया गया था। कार्यक्रम में बच्चों ने एकल एवं समूह गीत, भाषण, चित्रकला के माध्यम से अपनी कला प्रस्तुत की, वहीं कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, 50 व 100 मीटर दौड़ जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के जोश और क्षमता ने उपस्थित शिक्षकों व अभिभावकों को प्रभावित किया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी ब्रह्मानंद श्रीवास्तव और विकास खंड स्रोत समन्वयक मनोज केशरवानी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। अधिकारियों ने बच्चों के उत्साह और प्रयास की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को उनकी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के सफल संचालन में अकादमिक समन्वयक धर्मेंद्र पटेल, भानू पटेल, शिवबहादुर सिंह, कुंती सिंह समेत जनपद शिक्षा केंद्र ब्यौहारी के कई शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों और विद्यार्थियों ने सहभागिता कर दिव्यांग बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

### अधिवक्ता दिवस पर शहडोल जिला अधिवक्ता संघ की बैठक

**शहडोल।** अधिवक्ता दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को जिला अधिवक्ता संघ शहडोल की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक संघ कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ अध्यक्ष राकेश सिंह बघेल, अधिवक्ता ने की। बैठक में उपाध्यक्ष सतीश कुमार पाठक, सचिव अनिल तिवारी, सहसचिव राकेश गोले, कोषाध्यक्ष गगन कुमार वर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य राकेश जायसवाल, पी.डी. गुप्ता और पुष्पेंद्र सिंह उपस्थित रहे। विस्तृत चर्चा के बाद अधिवक्ता समुदाय के कल्याण और न्यायिक प्रणाली को मजबूत बनाने हेतु 5 प्रमुख मांगें सर्वसम्मति से तय की गईं और इन्हें मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन के रूप में प्रेषित किया गया। संघ ने मांग की कि नव-अधिवक्ताओं को प्रारंभिक संघर्ष काल में सहयोग देने हेतु पांच वर्ष तक 10,000 मासिक स्टाइपेंड उपलब्ध कराया जाए। दूसरी प्रमुख मांग के तहत 60 वर्ष की आयु या 35 वर्ष की वकालत पूरी कर चुके अधिवक्ताओं को 50,000 मासिक पेंशन दिए जाने की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा गया। तीसरी मांग में मध्यप्रदेश शासन से सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर अधिवक्ताओं एवं उनके परिवारों को देशभर के मान्यता प्राप्त अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही गई। चौथी मांग के अनुसार प्रैक्टिसनर अधिवक्ताओं की आकस्मिक मृत्यु पर परिजनों को मौजूदा 5 लाख के स्थान पर 10 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त संघ ने न्यायिक व्यवस्था के डिजिटलीकरण को गति देने हेतु जिला अधिवक्ता संघ शहडोल में ई-लाइब्रेरी स्थापना के लिए 10 लाख रुपये की अनुदान राशि की मांग भी रखी। अधिवक्ता संघ ने कहा कि ये मांगें केवल अधिवक्ता समुदाय के हित तक सीमित नहीं बल्कि संपूर्ण न्याय व्यवस्था को अधिक सक्षम, सुलभ और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से प्रस्तुत की गई हैं। संघ ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इन प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाएंगे।

### महिला व नाबालिग से मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले में कानून व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अमलाई थाना पुलिस ने एक महिला और उसके नाबालिग बेटे के साथ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु की गई यह प्रभावी कार्रवाई प्रशंसनीय है।

# नगर के विभिन्न वार्डों में नपा पूरे अमले के साथ साफ सफाई में जुटा, पार्क में फिर गूंजेगी बच्चों की किलकारी



बुढार। नगर परिषद के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर वार्ड वासियों की समस्याओं एवं स्वच्छता अभियान के तहत वार्डों की साफ सफाई एवं नालियों की साफ-सफाई कार्य में पूरे आमले के साथ किया जा रहा है।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, सीएमओ सौरभ श्रीवास्तव के द्वारा प्रातः काल नगर के प्रमुख वार्डों में जा जा कर लोगों की मूलभूत समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण किया जा रहा है साथ ही भारी भरकम नालियों में जमी गंदगी को जेसीबी से खुदाई कर हटाया जा रहा है।

### अब फिर गूंजेगी पार्क में बच्चों की किलकारी

बुधवार को नगर के वार्ड क्रमांक तीन पर स्थित पार्क की साफ-सफाई की गई जिससे अब पुनः एक बार बच्चों की किलकारी पार्क में गुंजेगी इसके साथ 1 2 का भ्रमण कर बच्चों के खेलने वाले पार्क का गाजर घास की सफाई की गई नगर परिषद के द्वारा की जा रही इस मुहिम से नगर वासियों ने नगर परिषद के काम की सराहना की है। इस मुहिम में नगर परिषद के स्वच्छता आमला



पूरी तरह से मुस्तैद है और आगे भी निरंतर यह प्रयास जारी रहेगा।



# रामपुर बटुरा OCM में वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ

## सोहागपुर एरिया की सभी खदानों में शुरू हुई विशेष सुरक्षा मुहिम

**धनपुरी।** एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की सबसे बड़ी खदान रामपुर बटुरा ओसीएम में 1 दिसंबर को वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ समारोह रामपुर बटुरा परियोजना कार्यालय (MTK) में आयोजित हुआ, जहां खान प्रबंधक श्री अर्जुन पी. जोड़े एवं खान सुरक्षा अधिकारी श्री असरत खान ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा पखवाड़े की शुरुआत की।

### कामगारों ने ली सुरक्षा शपथ

ध्वजारोहण के बाद सभी कामगारों ने सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ ली और खदान में सुरक्षित कार्य करने का संकल्प दोहराया। सुरक्षा अधिकारी श्री असरत खान ने कामगारों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया तथा दैनिक कार्यों में सुरक्षा मानकों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि "खदान में सुरक्षित रहकर ही हम उत्पादन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर सकते हैं।"

### अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से — लीलेश डहरिया (खान अभियंता) पी.के. जैन, श्री संतोष साहू (प्रबंधक - खनन) राजेश दुबे (सीनियर मैनेजर) साथ ही यूनियन प्रतिनिधि एवं पर्यवेक्षक — श्री आफताब आलम, राकेश गुप्ता, शुभम मिश्रा, मनोज गर्ग, मोहम्मद हारून, रंजीत सिंह, सुरेश सोनी, इलेक्ट्रिक सुपरवाइजर के.डी. पांडेय, शुभम मिश्रा, अशरफ अली,फोरमैन इंचार्ज बी.के. शुक्ला, दीपांक गौतम, रीयाज अली, इंस्पेक्टर अखिलेश्वर मिश्रा,फोरमैन बैजनाथ प्रजापति, दीवाकर नाथ चौबे, के.पी. गुप्ता, ओमप्रकाश, उमेश (सीनियर मैकेनिक) तथा डोलू कंपनी के फील्ड मैनेजर जसवीर सिंह सहित अन्य कामगार भी उपस्थित रहे।

**सोहागपुर में तेज हुई तैयारियां**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 दिसंबर से 8 दिसंबर 2025 तक सोहागपुर क्षेत्र की सभी खदानों में सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत खदानों में सुरक्षा निरीक्षण, पोस्टर प्रतियोगिता, सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र, दुर्घटना रोकथाम उपायों का प्रदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### इन खदानों में तैयारियां शुरू

अमलाई ओसीएम,धनपुरी ओसीएम,बंगवार भूमिगत माइंस, राजेन्द्रा भूमिगत माइंस खैरहा भूमिगत माइंस प्रबंधन का उद्देश्य इस पखवाड़े के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करना एवं दुर्घटना-शून्य खदान संचालन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाना है।

# ठिठुरन में बनी सहारा: सुरभि महिला समिति ने पटना फोकट टोला में 40 जरूरतमंदों को बांटे कंबल









**कंबल पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे**

**धनपुरी।** कड़कड़ाती ठंड में जहां लोग रजाई-कंबल में दुबककर रात गुजारते हैं, वहीं कई परिवार ऐसे भी हैं जिनके पास ठंड से बचने के लिए पर्याप्त साधन नहीं होते। ऐसे जरूरतमंदों के लिए श्रद्धा महिला मंडल के विशेष मार्गदर्शन में सुरभि महिला समिति, एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र ने मानवीयता की मिसाल पेश करते हुए पटना गांव के फोकट टोला में 40 गरीब, बुजुर्ग एवं असहाय लोगों को गर्म कंबल वितरित किए।

### सुरभि का सराहनीय क़दम

इस सेवा कार्यक्रम का नेतृत्व सुरभि महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती जेना कहा कि समिति पूरे वर्ष समाज के कमजोर वर्गों की सहायता के लिए तत्पर रहती है और आगे भी ऐसे कार्यों को और अधिक विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, "मानव सेवा ही परमधर्म है। हम अपने आसपास के जरूरतमंदों तक हर संभव सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

### कंबल पाकर चेहरे खिल उठे

कार्यक्रम में महिला समिति की अन्य सदस्याएं भी मौजूद रहीं, जिन्होंने ग्रामीणों के बीच जाकर ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए। कंबल पाकर बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कहा कि "ठिठुरती रातों में साधारण चादर के सहारे रात काटना कितना मुश्किल होता है, यह केवल वही समझ सकता है जिसने इसे झेला हो।

### ठंड में कंबल का महत्व

ऐसे समय में श्रद्धा महिला मंडल द्वारा दिया गया कंबल किसी वरदान से कम नहीं।" ग्रामीणों ने श्रद्धा महिला मंडल और सुरभि महिला समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सेवा ने साबित कर दिया है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता, उसका भगवान सहारा बनकर किसी न किसी रूप में मदद पहुंचाता है।

### छोटा सा प्रयास

कड़ाके की ठंड में असहायों के बीच पहुंचकर कंबल वितरण कर समिति ने समाज के प्रति संवेदनशीलता की सराहनीय मिसाल कायम की है।

## सत्यनारायण गुप्ता का निधन, आज होगी अंत्येष्टि



**धनपुरी।** स्वर्गीय सोहनलाल गुप्ता के द्वितीय पुत्र सत्यनारायण गुप्ता उर्फ सत्तू (आयु 57 वर्ष) का सोमवार 3 दिसंबर को दोपहर 2 बजे आजाद चौक निज निवास पर दुखद निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे और उनका उपचार रायपुर के एक अस्पताल में चल रहा था, हाल ही में वे उपचार के बाद घर लौटे थे। घर पर उनका निधन हो गया। जैसे ही यह खबर फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सत्यनारायण गुप्ता अपने सरल, मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से परिवार, मित्रों और में गहरा दुःख व्याप्त है। दिवंगत अपने पीछे पत्नी, पुत्र–पुत्रियाँ, भाई तथा बड़ा परिवार छोड़ गए हैं।अंत्येष्टी 4 दिसंबर को सुबह 10 बजे नगर पालिका धनपुरी के समीप स्थित मुक्तिधाम में की जाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में शक्ति दे।

## बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस का दिया गया प्रशिक्षण

**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन अंतर्गत हंस वाहिनी हाई स्कूल उमरिया एवं नेहरू कॉन्वेंट स्कूल उमरिया मे बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे दिव्या तिवारी द्वारा कराटे प्रतियोगिता ताइक्वांडो मार्शल आर्ट तथा कानून संबंधी जागरूकता सत्र शामिल रहा।अंजू सिंह पोर्ते सीडीपीओ द्वारा छात्रों को पोक्सोएक्ट, बाल विवाह,साइबर सुरक्षा,टोल फ्री नंबर 112 साइबर नंबर 1930 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं



चिकित्सा,परामर्श,पुलिस सहायता, आश्रय और विधिक सलाह की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। यशिका श्रीवास्तव कराटे ब्लैक बेल्ट द्वारा कराटे का प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया जिसमें छात्रों ने भी उत्साह पूर्व भाग लिया एवं स्कूल की छात्राओं को गुडटच एवं बैडटच के बारे में बताया गया। कार्यक्रम मे गायत्री त्रिपाठी पर्यवेक्षक, अनीता चौरसिया, दशरथ बैगा संरक्षण अधिकारी एवं स्कूल के प्राचार्य एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# सीईओ ने क्रीड़ा परिसर भरौला का किया औचक निरीक्षण





### भोजन चखकर परखी भोजन की गुणवत्ता

**उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने 69वीं राष्ट्रीय शालेय 14 वर्ष बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आए कोचों एवं खिलाडियो से क्रीड़ा परिसर भरौला पहुंचकर मुलाकात की एवं खिलाडियो एवं कोचो के साथ बैठ कर भोजन को चखा तथा उसकी गुणवत्ता परखी । इस दौरान उन्होने परिसर का अवलोकन भी किया। परिसर में रात्रि के समय अलाव की व्यवस्था पाई गई। जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था को लेकर खिलाड़ियो एवं कोचो ने संतोष व्यक्त किया। भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस.मरावी सहित व्यवस्था से जुडे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# सामाजिक समरसता के लिए कार्य कर रही है केंद्र एवं मप्र सरकार: कलेक्टर













### दिव्यांगजन हमारे समाज के प्रमुख अंग: न्यायाधीश

**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खुशहाली एवं सर्वांगीण विकास के लिए शासन एवं प्रशासन प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजनो के सहयोग के लिए सरकार और हम सब तत्पर हैं। उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने शासकीय कॉलरी स्कूल में विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के प्रमुख अंग है। ईश्वर भी उन्हें विशेष प्रतिभा का धनी बनाता है। शासन द्वारा उनके कल्याण के लिए कई योजनाएं पेंशन, छात्रवृत्ति, उपकरण वितरण, शिक्षा तथा नौकरी में विशेष रूप से प्रावधान किये गये है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नही है, बल्कि दिव्यांग जनों के अंदर कई प्रतिभाएं विद्यमान है, जो उनके जीवन को सजाने एवं संवारने में उनके के लिए मददगार साबित हो रही है । दिव्यांग जनों को विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं का लाभ प्रदाय किया जा रहा है। दिव्यांग जनों को अग्रिम पंक्ति मे लाने के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता,चित्रकला प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से दिव्यांग जन अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है। इस अवसर पर दिव्यांग जनों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया , जिसमे सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में स्थान रखने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य जनों व्दारा सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड पल्लवी सिंह, डीपीसी कृष्ण कुमार डेहरिया सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कंचन तिवारी सहित अन्य जन उपस्थित रहे। दिव्यांग सोहन चौधरी तथा उनके द्वारा संगीत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का संचालन एपीसी संतोष गौतम ने किया।

# राम खेलावन का अनशन जिला प्रशासन की पहल पर समाप्त



**मानपुर।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चितराव निवासी रामखेलावन केवट पिता कन्छेदी केवट का अनशन जिला प्रशासन की सक्रिय पहल पर समाप्त हो गया है। अनशन की खबर मिलते ही एसडीएम मानपुर हरनीत कौर कलसी ने विगत दिवस मौके पर पहुंचकर देर रात रामखेलावन जी की समस्याओं को सुना तथा उनकी बात उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से करवाई, जिसके पश्चात उन्होंने सुबह अनशन तोडऩे की बात कही। अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने 3 दिसंबर को अनशन स्थल पहुंचकर उन्हें लिखित आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण नियमानुसार किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### 9 से 19 दिसंबर तक आयोजित होगी भागवत महापुराण



अनूपपुर। शहर में संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जो की 9 से 19 दिसंबर 2026 तक चलेगा। जिसमें कथावाचक श्री श्री 108 रामशंकर दास जी वेदांती पीठाधीश्वर श्रीराम वल्लभाकुंज जानकी घाट अयोध्या रहेंगे। कथा स्थल संकल्प कॉलेज एवं पुराना पोलिटेक्निक कॉलेज के पीछे, वार्ड क्र. 11 शंकर मंदिर बस्ती रोड अनूपपुर है। कथा का समय दोपहर 3 से सायं 6 बजेतक रहेगा। मुख्य यजमान शिवकरण प्रसाद शुक्ला एवं केशव प्रसाद द्विवेदी रहेंगे। कार्यक्रम आयोजक सुनील, राजकुमार (लल्ला) एवं जितेंद्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा में मंगलोत्सव 9 दिसम्बर 2025, दि.मंगलवार, श्रीमदभागवत शोभायात्रा 10 दिसम्बर 2025, दि. बुधवार,कथा प्रारम्भ, श्रीमदभागवत माहात्म्य कथा 11 दिसम्बर 2025, दि. गुरुवार श्रीशुक, परीक्षित जन्म, श्रीभीष्मपितामह प्रसंग, 12 दिसम्बर 2025, दि. शुक्रवार श्री कपिल देवहूति संवाद, श्रीशिव विवाहोत्सव,13 दिसम्बर 2025, दि. शनिवार श्री ध्रुव, श्रीजड़भरत, अजामिल, श्रीप्रल्हाद चरित्र, श्रीवामन, श्रीराम, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 14 दिसम्बर 2025, दि. रविवार श्री कृष्ण की बाललीला,श्री गोवर्धन पूजा,15 दिसम्बर 2025, दि. सोमवार महारास,कंस वध,उद्धव चरित्र, श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाहोत्सव,16 दिसम्बर 2025, दि. मंगलवार श्रीकृष्ण के अन्यान्य विवाह,सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष,17 एवं 18 दिसंबर को श्री हरि नाम संकीर्तन सभा अधिवेशन राम कथा आयोजित की गई है,18 दिसम्बर 2025, दि. बुधवार चढोत्री एवं पूर्णाहूती एवं एवं 19 दिसम्बर 2025, दि. शुक्रवार भंडारा दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजकों ने सभी से संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ में उपस्थिति की अपील की है।

### कृषकों का भ्रमण सह प्रशिक्षण सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं आधुनिक कृषि उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि अभियांत्रिकी विभाग अनूपपुर द्वारा विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम चिल्हारी और चंदवार के कृषक समूह को आईटीसी चौपाल बायोधान केन्द्र सतना में भ्रमण कराया गया। भ्रमण में नरवाई प्रबंधन यंत्र के कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषकों को विशेष रूप से बेलर मशीन से पराली को कॉम्पैक्ट बंडल बनाते हुए दिखाए गए। बेलर द्वारा बनाए गए बंडल को पेपर मिल, बायो सीएनजी प्लांट आदि में इस्तेमाल हेतु बेचा जा सकता है, जो कृषकों हेतु लाभ एवं अतिरिक्त आय का स्त्रोत है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग की सहायक यंत्री सुप्रिया अहिरवार ने बताया कि नरवाई प्रबंधन यंत्रो में अनुदान पाने के लिए इच्छुक कृषक ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। कृषक सुपर सीडर, बेलर, हैप्पीसीडर, स्मार्ट सीडर, मल्चर, स्ट्रॉरीपर, स्लेशर जैसे यंत्री पर अनुदान का लाभ उठा सकते हैं।

### आमाडांड खदान को मिला सर्वश्रेष्ठ माईन का पुरस्कार



कोतमा। एस.ई.सी.एल के जमुना कोतमा क्षेत्र की आमाडांड खदान ने उत्पादन के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर में आयोजित फाउंडेशन डे समारोह में सर्वश्रेष्ठ खदान का खिताब जीता है। रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धि कंपनी के सीएमडी द्वारा खदान के लिए 4 मिलियन टन का चुनौतीपूर्ण उत्पादन लक्ष्य निर्धारित किया गया था। 25 तक आमाडांड खदान ने इस लक्ष्य को 114 प्रतिशत से अधिक हासिल किया। यह प्रदर्शन न केवल निर्धारित लक्ष्य से ऊपर रहा, बल्कि पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 165 प्रतिशत अधिक रहा, जो कि अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। नेतृत्व और सहयोग की जीत इस ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त करने में जमुना कोतमा क्षेत्र के जीएम टी.आर. त्रिपाठी के सक्षम नेतृत्व और सबेरिया मैनेजर एम. पी. सिंह के विशेष सहयोग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके कुशल मार्गदर्शन और टीम की कड़ी मेहनत से ही यह रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन संभव हो पाया। इस सम्मान से जमुना कोतमा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों, श्रम संगठनों, ठेकेदारी मजदूरों और नीलकंठ कंपनी के सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों में गहरी खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है।

## सरकारी निर्माण में चोरी का माल!

# छात्रावास की नींव में खपाई जा रही गोहरारू नदी की अवैध रेत

### रॉयल्टी बचाने के चक्कर में नदी का सीना छलनी कर रहा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में कानून व्यवस्था का माखौल उड़ाते हुए एक गंभीर मामला सामने आया है। जिस प्रशासन पर अवैध उत्खनन रोकने की जिम्मेदारी है, उसी प्रशासन के नाक के नीचे सरकारी भवन के निर्माण में चोरी की रेत का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। मामला फुनगा क्षेत्र का है, जहाँ गोहरारू नदी को माफियाओं ने चारागाह बना लिया है। सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इस अवैध रेत का उपयोग किसी निजी मकान में नहीं, बल्कि पयारी क्रमांक-1 में बन रहे कस्तूरबा गांधी छात्रावास में किया जा रहा है।



#### 'चोरी' के संसाधन से बन रही इमारत

खबर है कि पयारी क्रमांक-1 में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी छात्रावास के ठेकेदार द्वारा सरकारी राजस्व (रॉयल्टी) की चोरी की जा रही है। नियमानुसार, सरकारी निर्माण कार्यों में वैध खदान की रॉयल्टी वाली रेत लगनी चाहिए, लेकिन मुनाफे के लालच में ठेकेदार गोहरारू नदी के प्यारी, देखल और अमलाई घाटों से रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन करवा रहा है। सवाल उठता है कि क्या संबंधित इंजीनियर और अधिकारियों को इस "काले खेल" की जानकारी नहीं है, या सब कुछ मिलीभगत से चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गोहरारू नदी में मशीनें और ट्रैक्टर-ट्रॉली दिन-रात गरज रहे हैं। नदी का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह नष्ट किया जा रहा है। फुनगा पुलिस की गश्त इन रास्तों पर नदारद रहती है और खनिज विभाग शिकायत के बाद भी मौके पर नहीं पहुँचता। ग्रामीणों का आरोप है कि यह चुप्पी इशारा करती है कि माफियाओं के तार बहुत ऊपर तक जुड़े हैं।

#### कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन

कस्तूरबा गांधी छात्रावास के निर्माण में लग रही रेत की रॉयल्टी रसीद की जांच अब तक क्यों नहीं की गई। जब पयारी, दैखल और अमलाई में खुलेआम जेसीबी चल रही है, तो खनिज विभाग ने अब तक कोई ट्रैकर जब्त (राजसात) क्यों नहीं की। सरकारी निर्माण में अवैध सामग्री का उपयोग होने पर निर्माण एजेंसी ठेकेदार पर कब दर्ज होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक, अवैज्ञानिक खनन से गोहरारू नदी के तट कट रहे हैं और जलस्तर रसातल में जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और एसपी अनूपपुर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कस्तूरबा गांधी छात्रावास में लग रही अवैध रेत की जांच कर ठेकेदार और खनन माफियाओं पर दर्ज नहीं की गई, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## दारसागर में श्रमदान, बोरी बंधान से जल संरक्षण की पहल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्र 4 अंतर्गत ग्राम पंचायत दारसागर के शिवकंटक गौशाला क्षेत्र स्थित जोगी नाला में जल संचय अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान कर बोरी बंधान का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस गतिविधि में बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र, नवांकुर संस्था पसान तथा प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षाजल को रोककर प्राकृतिक जल स्त्रोतों को मजबूती प्रदान करना तथा पशुओं और पक्षियों के लिए पेयजल उपलब्ध कराना है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बोरी बंधान से जलस्तर में सुधार होगा और गर्मी के मौसम में जल संकट कम होगा। इस सामूहिक श्रमदान में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि विकास कुमार, परामर्शदाता शिवानी सिंह, पाठ्यक्रम के छात्र किरण प्रजापति, सुनीता देवी, राधा सिंह, ज्योति, मीना केवट, प्रस्फुटन समिति भालूमाड़ा की सचिव अमीषा सिंह, राकेश कुमार, गीतादेवी सहित ग्रामीणों ने सहभागिता दर्ज की। जन अभियान परिषद ने बताया कि जल संरक्षण को लेकर ऐसे सामुदायिक प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

## उच्च स्तरीय इलाज के लिए मरीज को एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल किया गया शिफ्ट

### पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा का जिले के एक और मरीज को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।




प्रत्येक जीवन अमूल्य है और इसी भावना के साथ आपातकालीन स्थिति के दौरान उन्नत चिकित्सा सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सुविधा प्रारंभ की गई है। इसके तहत अनूपपुर जिले के डोला नगर परिषद के निवासी 50 वर्षीय विश्वनाथ गोस्वामी को माइनर अटैक आने के कारण प्रातः 11:30 बजे, जिला मुख्यालय स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हैलीपैड से एयर एम्बुलेंस द्वारा सुरक्षित रूप से एम्स भोपाल रवाना किया गया। मरीज के साथ उनके पुत्र भी गए हैं। श्री गोस्वामी पिछले एक वर्ष से किडनी की बीमारी से ग्रसित थे। जिला चिकित्सालय अनूपपुर में डायलिसिस के दौरान उन्हें अचानक माइनर अटैक आने पर उनकी स्थिति गंभीर हो गई। स्थिति को देखते हुए मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के विशेष प्रयास तथा कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग एवं समन्वय द्वारा मरीज विश्वनाथ गोस्वामी को उच्च स्तरीय इलाज उपलब्ध कराने हेतु एयरलिफ्ट कर एम्स भोपाल भेजा गया। आपातकालीन सेवा के इस त्वरित और संवेदनशील उपयोग से मरीज को तुरंत उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकी। मरीज के परिजनों ने इस समय पर मिली एम्बुलेंस सेवा और प्रशासनिक सहयोग के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस पूरी प्रक्रिया में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. एस. आर. परस्ते, डॉ. एस. सी. राय, डॉ. प्रवीण उरमलिया, डॉ. शिवेन्द्र द्विवेदी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, लैब टेक्नीशियन भाईलाल पटेल सहित जिला चिकित्सालय, नगरपालिका एवं प्रशासनिक टीम ने सराहनीय योगदान दिया। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि संकट की घड़ी में सरकार की यह पहल आमजन के लिए उम्मीद की नई किरण बन रही है।

## शीत लहर के प्रकोप से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

# ठंड ने पकड़ा जोर, बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक परेशान



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

पिछले तीन-चार दिनों से रात के साथ ही दिन में दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाने लगी है। बुधवार को दिन में भी गलन देखने को मिली। ठंड बढ़ने के साथ बाजार में जहां गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई वहीं लोग धूप में ही ज्यादा समय गुजार रहे हैं। मौसम जानकारों का कहना है कि ठंड ने अब असर दिखाना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में और कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर देखने को मिलेगा विशेषकर बुजुर्ग एवं बच्चे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में निमोनिया एवं सास लेने में तकलीफ के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। ठंड को देखते हुए नगर में गर्म कपड़ों की दुकान भी जगह-जगह सज गई हैं। अचानक बड़ी ठंड के कारण शाम से ही लोग अलाव का सहारा ढूंढने लग जाते हैं। रात ढलते ही ठंड बढ़ना प्रारंभ हो जाती है जिससे लोग जल्दी घर की ओर रुख करने लग जाते हैं। सुबह स्कूल जाने के दौरान बच्चों को भी ठंड में जमकर परेशान होना पड़ता है। जिले भर के नगर पालिका के द्वारा सही ढंग से अलाव जलाने की व्यवस्था भी नहीं की गई है। कोतमा नगर के बस स्टैंड में जो अलाव जलवाया जा रहा है उसमें एक गीली लकड़ी दे दिया जाता है जो जलता ही नहीं है वहीं बस स्टैंड में कुछ लोगों के द्वारा स्वयं के खर्चे से लकड़ी मंगाकर अलाव जलवाया जा रहा है जबकि पूर्व में नगर के बस स्टैंड अस्पताल स्टेशन चौक टैक्सी स्टैंड बनिया टोला केशवाही तिराहा सहित मुख्य जगहों पर अलाव जलवाये जाने की व्यवस्था की जाती रही है लेकिन इस बार दिखावे के लिए अलाव जलवाया जा रहा है जिसके कारण लोग ठंड से इधर-उधर भटकते नजर आते हैं।

#### शीत लहर के प्रकोप से बचाव जरूरी

गृह विभाग एवं मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण भोपाल द्वारा शीतकालीन मौसम के दिनों में शीतलहर के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने, जन समुदाय को इसके दुष्प्रभावों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने के संबंध में एडवायजरी जारी की गई है। एडवायजरी में जन समुदाय से कहा गया है कि शीतलहर से पहले सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें। शीतलहर के दौरान जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

## अंतरष्ट्रिीय दिव्यांगजन दिवस पर अनूपपुर में उत्साहपूर्ण आयोजन

### 'सशक्तिकरण और समान अवसर' की गूंज



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राज्य शिक्षा अभियान, शिक्षा विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विविध सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास और बहुमुखी प्रतिभा से सभी उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने कहा कि आज पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मना रहा है और इस वर्ष की थीम 'सशक्तिकरण और समान अवसर' हमें यह सीख देती है कि समाज तभी प्रगतिशील बनता है जब वह प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान अवसर प्रदान करे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता कोई कमी नहीं, बल्कि प्रेरणा, साहस और अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर्मो ने अपने उद्बोधन में बताया कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिये शिक्षा, रोजगार एवं डिजिटल सुविधाओं को सुलभ और सशक्त बनाने हेतु लगातार प्रयत्नशील है। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि दिव्यांगजनों के प्रति दया नहीं, बल्कि समानता, सम्मान और सहभागिता की भावना को बढ़ावा दिया जाए, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों द्वारा खेल, चित्रकला, गायन, रंगोली एवं दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनके आत्मविश्वास ने यह संदेश दिया कि सशक्तिकरण केवल शब्द नहीं, बल्कि हर मन में प्रज्ज्वलित होती आशा की वह लौ है, जो दिव्यांगजनों को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर करती है। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा ओंकार सिंह धुर्वे, सहायक संचालक सामाजिक न्याय के.के. सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, विकासखंड समन्वयक (खेल एवं युवा कल्याण) दिनेश कुमार सिंह चंदेल, विद्यालय प्राचार्य ए.के. जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 वरिष्ठ खण्ड कोतमा जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

उ.प्र.क्र 21/25
प्रो.क्र.
ता. पेशी- 07/01/26

**इश्तहार**

01. श्रीमती कुन्ती बाई कोल उम्र 32 वर्ष पति स्व. शिवशरण कोल 02. वरूण कोल उम्र 10 वर्ष पिता स्व. शिवशरण कोल नाबालिक जरिये संरक्षिका माता श्रीमती कुन्बी बाई कोल पति स्व. शिवशरण कोल दोनो निवासी वार्ड नं.12 राम मंदिर मोहल्ला, नगर परिषद डोला थाना रामनगर जिला - अनूपपुर (म.प्र.).............आवेदकगण

बनाम

01. श्रीमती राम बाई पति स्व. रामसजीवन उर्फ राममनोहर निवासी वार्ड नं.-12 राम मंदिर मोहल्ला, नगर परिषद डोला थाना रामनगर -जिला अनूपपुर (म.प्र.) 02. बेला बाई पति पुष्पेन्द्र पुत्री रामसजीवन उर्फ राममनोहर कोल निवासी ग्राम पसगढ़ी थाना व तहसील ब्यौहारी, जिला-शहडोल (म.प्र.) 03. विमला कोल पुत्री रामसजीवन उर्फ राममनोहर कोल 04. तेजू कोल पिता रामसजीवन उर्फ राममनोहर कोल क्र.0-03 ता 04 निवासी वार्ड नं.-12 राम मंदिर मोहल्ला, नगर परिषद डोला थाना रामनगर जिला अनूपपुर (म.प्र.) 05. उपक्षेत्रीय प्रबंधक राजनगर ओपेनकास्ट प्रोजेक्ट हसदेव क्षेत्र पोस्ट डोला जिला अनूपपुर (म.प्र.) 06. अन्य जिससे संबंधित हो.........................अनावेदकगण

कार्यवाही अन्तर्गत धारा-372
भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1955

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा अपने ससुर रामसजीवन कोल उर्फ राममनोहर कोल के जीवनकाल मे बनाये गये मकान जो वार्ड नं.-12 नगर परिषद डोला रामनगर मे स्थित है उस पर कॉलरी प्रबंधन द्वारा तय किये गये मुआवजे की राशि - 9,00,000/- रुपए उपक्षेत्रीय प्रबंधक राजनगर ओपेनकास्ट प्रोजेक्ट हसदेव क्षेत्र जिला अनूपपुर (म.प्र.) के कार्यालय मे जमा हैं उसे प्राप्त करने के लिये उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.01.2026 को नियत है जिस किसी पक्षकार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह पेशी दिनांक 07.01.2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । म्याद गुजरने के पश्चात किसी प्रकार की सुनवाई का अवसर प्रदान नही किया जायेगा।

आज दिनांक - 28/11/25 को मेरे न्यायालय द्वारा मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर कर जारी किया गया है।

सील

(अरविन्द कुमार बरला)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 वरिष्ठ खण्ड कोतमा जिला - अनूपपुर (म.प्र.)